Dainik Bhaskar (Indore), 31st May 2023, Page –05

आईआईटी इंदौर ने ताइवान यूनिवर्सिटी से किया अनुबंध

दोनों संस्थाएं एक्सचेंज प्रोग्राम-जॉइंट रिसर्च पर काम करेंगी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर के प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी ने नेतृत्व में ताइवान के कई विश्वविद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान शीर्ष स्तरीय ताइवानी विवि के साथ शैक्षणिक साझेदारी की संभावनाओं का पता लगाया। इससे संस्थान को शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता हासिल करने में मदद मिलेगी तथा उद्योगों और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। जिन विवि का दौरा किया, उनमें नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी, नेशनल यांग मिंग चियाओ तुंग यूनिवर्सिटी, नेशनल ताइपे यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (ताइपे टेक), नेशनल त्सिंग हुआ यूनिवर्सिटी, नेशनल इलान यूनिवर्सिटी, ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी, पॉवरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन, सिंचु साइंस पार्क और बायोमेडिकल साइंस पार्क आदि शामिल थे।

आईआईटी इंदौर ने ताइवान की नेशनल इलान यूनिवर्सिटी (एनआईयू) के साथ 19 मई को अनुबंध किया, जिसके तहत छात्रों और फैकल्टी के लिए भारत-ताइवान के बीच एक्सचेंज प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही दोनों संस्थाएं मिलकर जॉइंट रिसर्च प्रोजेक्ट पर भी काम करेंगी। एमओयू पर आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. जोशी और एनआईयू ताइवान के अध्यक्ष प्रोफेसर पो-चिंग वू ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रो. वेई-जुंग चेन, वाइस प्रेसीडेंट एकेडमिक अफेयर्स और प्रो. अविनाश सोनवणे, डीन, इंटरनेशनल रिलेशंस आईआईटी इंदौर और अन्य उपस्थित थे।